# राजस्थान सरकार

## आयुक्तालय
## मिड डे मील योजना
## (Mid Day Meal Scheme)

मध्याह्न भोजन योजना
Mid day Meal Scheme

क्रमांक–एफ4(378)/प्रा.शि./एमडीएम/IVRS(जिलो में पत्राचार)/2016–17/ 882 दिनांक 12/09/2018

जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक /प्रारम्भिक शिक्षा
जिला समस्त

**विषय :–** **माननीय प्रधानमंत्री महोदय की घोषणा के अनुसार सितम्बर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाने बाबत।**

**संदर्भ** :– भारत सरकार के पत्र क्र. 293/1/2/2017–CA.V, 6 सितम्बर 2018.

महोदया

माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा सितम्बर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाये जाने की घोषणा गई है। अतः सितम्बर माह को राष्ट्रीय पोषण माह मनाये जाने के लिए जिला स्तर/ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुये निम्नानुसार गतिविधियां सम्पादित कराये जाने के निर्देश प्रदान किये जाते है :–

1. जन सहयोग/ स्वंय सेवी संस्था की सहायता से फल, सूजी का हलवा, इडली, पूड़ी – छोला, मूग, मोठ, काले चने, ऑवले से बने उत्पाद या अन्य कोई भी रेसिपी जो पोषक तत्वो से भरपूर हों छात्र–छात्राओ को मिड डे मील के अतिरिक्त सितम्बर माह में प्रत्येक सप्ताह में कम से कम दो दिन उपलब्ध करवाई जावें।
2. प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर कम से कम एक विद्यालय में जन सहयोग अथवा स्वंय सेवी संस्थाओ के सहयोग से पोषक तत्वो से भरपूर रेसिपीज की स्टॉल लगाकर आमजन व छात्र छात्राओ को उनके उपयोग के बारे मे जानकारी देते हुये उन रेसिपीज को छात्र–छात्राओ में वितरित करवाया जावें। जिन रेसेपीज की स्टॉल लगाई जावे उनके पोस्टर्स के साथ उनमें उपलब्ध विटामिन्स, पोषक तत्वो एवं उनके उपयोग से होने वाले फायदें अंकित हो।
3. महिला एवं बाल विकास विभाग के सामजस्य में स्वयंसेवी संस्थाओ की सहायता से प्रत्येक ब्लॉक पर पोषण मेले/ कार्यशाला का आयोजन करवाया जावें।
4. छात्र/छात्राओं के स्वास्थ्य की जॉच करवाई जावें। डिवार्मिंग की गोलियां, विटामिन ए, विटामिन डी व आयरन की गोलियाँ इत्यादि वितरित की जावे।
5. खाना खाने से पूर्व छात्र–छात्राओ को हाथ धोने, नाखुन काटने एवं साफ सफाई का ध्यान रखने के सम्बंध में भी जानकारी दी जावें।
6. अन्य कोई गतिविधियां।

अतः उक्तानुसार की गई कार्यवाही की सूचना सलंग्न प्ररूप में सितम्बर माह के प्रत्येक सप्ताह के अन्तिम दिन मय फोटोग्राफस विभाग को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्न उपरोक्तनुसार

आयुक्त
(मिड डे मील)

प्रतिलिपि – निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–
1. जिला कलेक्टर जिला समस्त।
2. ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी समस्त।

उपायुक्त
(वि. एवं मो.)

www.rajteachers.com

राजस्थान सरकार

# राजस्थान सरकार

आयुक्तालय

**मिड डे मील योजना**

(Mid Day Meal Scheme)

मध्याह्न भोजन योजना
Mid day Meal Scheme

## पोषण माह आयोजन के लिए सूचना का प्रारूप

जिले का नाम :– नोडल अधिकारी का नाम :–

| गतिविधि का नाम | गतिविधि आयोजन का दिनांक | स्थान जिला स्तर/ ब्लॉक स्तर /ग्राम पंचायत/ विधालय का नाम | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

Note :- जिला स्तर पर नियुक्त किये गये नोडल अधिकरी का नाम व मोबाईल नम्बर आज ही विभाग की E-mail Id- rajmdm@rediffmail.com पर सूचित किया जावें।

www.rajteachers.com